एक नजर में

### जमानतशुदा आरोपी शराब के साथ गिरफ्तार

**गुना।** बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने एक पारदी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार 16 मई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गढ़ला गिर्द के पीछे जंगल में एक व्यक्ति प्लास्टिक की कैनों में अवैध शराब बेचने की फिराक में बैठा है। बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने तत्काल टीम भेजकर घेराबंदी की और मौके से भागने का प्रयास कर रहे धरमराज (32) पुत्र राजमल पारदी निवासी विश्वनगर (धरनावदा) को धर दबोचा। आरोपी के पास से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है। पुलिस के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी पूर्व में हत्या के एक मामले में जमानत पर बाहर आया हुआ है।

### बजरंगगढ टीबी स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गुना।** जिला गुना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बजरंगगढ़ में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा पर्यवेक्षक राजेश भार्गव द्वारा ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषीश्वर एवं जिला टीबी अधिकारी (डीटीओ) अनुराग जैन के मार्गदर्शन में मरीजों की सहूलियत के लिए आधुनिक हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से मौके पर ही नि:शुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यदि किसी व्यक्ति को 10 दिन से अधिक समय से खांसी है, वजन लगातार घट रहा है या भूख नहीं लग रही है, तो उसकी खंखार (बलगम) जांच एवं एक्स-रे पूरी तरह नि:शुल्क किया जा रहा है।

# आतंक का दूसरा नाम शहर का जगनपुर क्षेत्र

## महत्वपूर्ण प्रशासनिक दफ्तरों और विश्वविद्यालय के बीच चोरों का तांडव, सुरक्षा पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**गुना 16 मई का। शहर का तेजी से विकसित और चर्चित हो रहा जगनपुर एवं प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी क्षेत्र इन दिनों अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है। यह पूरा इलाका स्थानीय निवासियों के लिए अब 'आतंक का दूसरा नाम' बन चुका है। कभी दिनदहाड़े या देर रात गोलीबारी की सनसनीखेज घटनाएं तो कभी सिलसिलेवार चोरियों ने यहाँ के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।**



हाल ही में इस संवेदनशील क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर पुलिस गश्त की पोल खोलते हुए भारी उत्पात मचाया है। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात हथियारों से लैस 8 से 10 नकाबपोश बदमाशों ने जगनपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी और उसके ठीक सामने स्थित सांईधाम पार्ट-2 कॉलोनी में जमकर आतंक मचाया। बदमाशों ने एक ही रात में आधा दर्जन से अधिक मकानों के ताले तोड़कर लाखों की नगदी और सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। यह पूरी वारदात कॉलोनियों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें संदिग्ध बदमाश हाथों में हथियार लिए घूमते साफ नजर आ रहे हैं। घटना के बाद से दोनों कॉलोनियों के रहवासियों में भारी दहशत और असुरक्षा का माहौल है।

**सूने घर को बनाया निशाना**

पीड़ित अमित शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी और बच्चे मायके गए हुए थे और वे स्वयं एटीएम पर नाइट ड्यूटी पर थे। सुबह जब वे घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर अलमारी टूटी पड़ी थी। पूरे घर का सामान बिखरा हुआ था और जांच करने पर पत्नी का सोने का मंगलसूत्र, बच्चे के सोने के मोती, चांदी के जेवर सहित करीब 50 हजार नगद गायब मिले। अमित के अनुसार यह रकम उन्होंने कई महीनों से वाहन खरीदने के लिए पाई-पाई जोड़कर जमा की थी। इसके अलावा आसपास के दो अन्य मकानों में भी चोरी हुई, जिनके परिवार शादी समारोह में गए हुए थे। वहीं, सामने स्थित सांईधाम पार्ट-2 कॉलोनी में भी चोरों ने सेंधमारी करते हुए संस्कार श्रीवास्तव के घर के बरामदे से साइकिल और अन्य घरेलू सामान पार कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कैंट पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन रहवासियों का गंभीर आरोप है कि पुलिस केवल औपचारिक जांच कर और आवेदन देने की बात कहकर लौट गई, जिससे लोगों में रोष है।

**बढ़ रही है असुरक्षा की भावना**

गौरतलब है कि जगनपुर और पीएम आवास कॉलोनी का यह पूरा बेल्ट भौगोलिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। इस इलाके के ठीक आसपास एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, और क्रांति तात्याटोपे विश्वविद्यालय जैसे अति-आवश्यक शासकीय संस्थान स्थित हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। यह क्षेत्र शुरूआत से ही सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील साबित हो रहा है, जहाँ पूर्व में बदमाशों द्वारा सरेआम फायरिंग जैसी सनसनीखेज घटनाक्रम को भी अंजाम दिया जा चुका है। एक तरफ जहाँ यह इलाका बहुत तेजी से विकसित हो रहा है और यहाँ हजारों की आबादी निवास करने लगी है, वहीं दूसरी तरफ लगातार बढ़ रही चोरी की इन दुस्साहसिक घटनाओं ने पुलिस की सुरक्षा और गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बार-बार कमरों की बाहर से कुंदी लगाकर डकैती डालने के इस खौफनाक पैटर्न से लोग रात भर जागने को मजबूर हैं। यही कारण है कि अब जगनपुर और पीएम आवास क्षेत्र के समस्त रहवासी एकजुट होकर यहाँ कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए एक स्थाई पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग प्रखरता से उठा रहे हैं, ताकि असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके और आम नागरिकों को भयमुक्त वातावरण मिल सके।

**इंटरनेट केबल काटी, ताकि कैमरे बंद हो जाएं**

बदमाशों ने इस पूरी वारदात को बेहद सुनियोजित और कूटनीतिक तरीके से अंजाम दिया। चोरों ने सबसे पहले पीएम आवास कॉलोनी की इंटरनेट केबल काट दी, ताकि सीसीटीवी कैमरों के जरिए ऑनलाइन अपने घरों की निगरानी कर रहे लोगों को इस बात की भनक तक न लग सके। इसके बाद चोरों ने उन सभी मकानों के मुख्य दरवाजों की बाहर से कुंदी लगा दी, जिनमें परिवार के लोग मौजूद थे, ताकि कोई भी सदस्य बाहर निकलकर उनका विरोध न कर सके। इसके बाद बदमाशों ने सूने मकानों के ताले चटकाए और इत्मीनान से चोरी की।



## राघौगढ़ पुलिस की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, खेत में लगी आग

नवभारत न्यूज

**गुना।** पुलिस की सजगता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सौहरामपुरा के पास एक खेत में अचानक भीषण आग लग गई, जिस पर पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से समय रहते काबू पा लिया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार 16 मई 2026 को ग्राम सौहरामपुरा के समीप एक खेत में अचानक आग लगने की सूचना पुलिस को मिली थी। घटनास्थल के बिल्कुल नजदीक ग्रामीण रिहाइश होने के कारण आग के गांव में फैलने और बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई थी। सूचना मिलते ही राघौगढ़ थाने का 'प्रथम प्रतिक्रिया वाहन' (एफआरवी) तत्काल मौके के लिए रवाना हुआ। दमकल वाहन (फायर ब्रिगेड) के पहुंचने में देरी होते देख एफआरवी स्टाफ ने अद्वितीय साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। वाहन में तैनात प्रधान आरक्षक शशि कपूर सिंह राजावत, पायलट भूपेंद्र शर्मा, संजू मीना और सैनिक भंवर सिंह ने बिना वक्त गंवाए स्थानीय ग्रामीणों के साथ मोर्चा संभाला। सभी ने मिलकर कुओं और हैंडपंपों से बाल्टियों में पानी भरकर आग पर डालना शुरू किया। पुलिस और ग्रामीणों की इस संयुक्त कड़ी मेहनत से आग को गांव की तरफ बढ़ने से रोक दिया गया और कुछ ही समय में उस पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। पुलिस की इस त्वरित और साहसिक कार्रवाई की स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर सराहना की है।



## शहर सहित जिले विभिन्न अंचल में वृक्ष का पूजन कर महिलाओं ने मनाया वट सावित्री पर्व

**गुना।** शहर सहित जिले भर में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और पति की दीघार्यु की कामना के साथ वट सावित्री का व्रत श्रद्धा व उल्लास के साथ रखा। इस अवसर पर सुबह से ही सुहागिन महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया।

धार्मिक परंपरा के अनुसार, महिलाओं ने नववस्त्र और सोलह श्रृंगार कर सामूहिक रूप से वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा की और उसके चारों तरफ सूत का संकल्प सूत्र बांधकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की लंबी उम्र की मन्नत मांगी। पूजा स्थलों पर महिलाओं ने वट सावित्री की कथा भी सुनी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

## किसान के 50 हजार मंडी में गिरे, ड्राइवर ने वापस लौटाए

नवभारत न्यूज

**गुना। नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में ईमानदारी की एक अनूठी मिसाल सामने आई है, जहां एक लोडिंग वाहन चालक ने मंडी में गिरे किसान के 50 हजार रुपए ईमानदारी के साथ एसपी की मौजूदगी में वापस लौटा दिए। अपनी मेहनत की कमाई वापस पाकर किसान के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।**



दरअसल, पड़ोसी जिला अशोकनगर के ग्राम विजयपुरा निवासी किसान ऋतिक रघुवंशी अपनी धनिया की फसल बेचने गुना की नानाखेड़ी मंडी आए थे। फसल बेचने के बाद व्यापारी ने उन्हें डेढ़ लाख रुपए दे दिए। पैसे जेब में रखते समय 50 हजार रुपए की एक गड्डी नीचे गिर गई, जिसका किसान को अहसास नहीं हुआ। कुछ देर बाद गुना की सांईपुरम कॉलोनी निवासी लोडिंग वाहन चालक सत्यनारायण जोशी को यह राशि जमीन पर पड़ी मिली। उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए तुरंत सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर को इसकी सूचना दी। तोमर ने राशि अपने पास सुरक्षित रखकर सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया और पूरे मामले से गुना एसपी हितिका वासल को अवगत करा दिया। शनिवार को जब किसान ऋतिक रघुवंशी को उनके पैसे मिलने की सूचना मिली, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद सवर्ण आर्मी अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर, चालक सत्यनारायण जोशी और किसान ऋतिक एसपी कार्यालय पहुंचे। जहां एसपी हितिका वासल की मौजूदगी में 50 हजार रुपए की यह राशि पीड़ित किसान को ससम्मान सौंपी गई।

किसान ने चालक सत्यनारायण और विक्रम सिंह तोमर का आभार जताया है और चालक सत्यनारायण जोशी की ईमानदारी की जमकर तारीफ की है।

### नायब तहसीलदार ने पति पर दर्ज कराई एफआईआर

**गुना।** जिले में पदस्थ महिला नायब तहसीलदार ने अपने पति के खिलाफ प्रताड़ना, मारपीट और तोड़फोड़ का गंभीर मामला दर्ज कराया है। पीड़िता की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गुना में पदस्थ नायब तहसीलदार आरती गौतम ने कैंट थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उनका विवाह जनवरी 2020 में विजेंद्र उछड़िया के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही बेरोजगार पति द्वारा लगातार दहेज की मांग को लेकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। आए दिन होने वाले इस विवाद ने तब गंभीर रूप ले लिया, जब बीते दिन सरकारी आवास पर आरोपी पति ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने विवाद के दौरान उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया और लैपटॉप व ज्वेलरी भी अपने कब्जे में ले ली।



## भमावद गढ़ी में दबिश देकर 6 जुआरियों को दबोचा, नगदी और ताश जब्त



**गुना/कुंभराज।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देश पर जिले में अनैतिक गतिविधियों, जुआ और सट्टा माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुंभराज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने भमावद चौकी क्षेत्र में दबिश देकर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाते हुए 6 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार 16 मई को भमावद चौकी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भमावद गढ़ी में पानी की टंकी के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी मनोज कुमार झा के मार्गदर्शन में कुंभराज थाना प्रभारी पंकज त्यागी के नेतृत्व में भमावद चौकी प्रभारी राजीव गौड़ ने पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने मौके से जालम सिंह धाकड़ (40), मुरारी केवट (58), श्रीलाल केवट (50), चंदन केवट (38), करण केवट (44) और रामविलास केवट (53) को ताश खेलते हुए दबोच लिया। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 3,370 नगद और ताश की गड्डी विधिवत जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ कुंभराज थाने में जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### केंट क्षेत्र से अपहृत नाबालिग सुठालिया से बरामद

**गुना।** पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 12 मई 2026 को केंट थाने में एक पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू की। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस टीम ने शनिवार, 16 मई को राजगढ़ जिले के सुठालिया क्षेत्र से बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश (21) पुत्र प्रकाश मोंगिया, निवासी महूगढ़ा (धरनावदा) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## किसानों को जागरूक करने रवाना हुआ कृषि रथ

नवभारत न्यूज

**गुना।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी सिलसिले में गुना जिले के किसानों को कृषि से जुड़ी उन्नत तकनीकों और विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से शनिवार को विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गुना विकासखंड के 'कृषि रथ' को हरी झंडी दिखाकर इस जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया।

उप संचालक कृषि संजीव शर्मा ने बताया कि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों में एक-एक कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान 16 मई से 25 मई 2026 तक लगातार चलेगा।

इस दौरान कृषि रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के प्रति जागरूक करेंगे। इसके अलावा रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था और पराली प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से सीधी जानकारी दी जाएगी।

इन रथों के सुचारू संचालन के लिए विशेष तकनीकी दलों का गठन भी किया गया है, जिसमें कृषि विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग के अधिकारी और कृषि वैज्ञानिक शामिल हैं जो मौके पर किसानों की शंकाओं का समाधान करेंगे।

प्रदर्शन — मशाल थामकर कांग्रेस ने बुलंद की छात्रों की आवाज, दोषियों को आजीवन कारावास की मांग

# नीट परीक्षा धांधली के विरोध में गुना में फूटा गुस्सा

**गुना।** देश की प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट में हुए कथित पेपर लीक मामले को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी गुना ने सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान और पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकताओं ने निचला बाजार से जयस्तंभ चौराहा तक मशाल जुलूस निकाला।



मशाल जुलूस में शामिल हुए बमोरी विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की सबसे बड़ी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो जाना और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होना बेहद गंभीर है। इस धांधली से परीक्षा में बैठे 23 लाख छात्रों और उनके अभिभावकों की सालों की मेहनत पर पानी फिर गया है। इन बच्चों ने डॉक्टर बनने की उम्मीद से दिन-रात एक कर तैयारी की थी। विधायक अग्रवाल ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी अनियमितता के बावजूद केंद्र सरकार कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रही है, जिससे प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस व्यवस्था को संभालने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर शिक्षा क्षेत्र में बैठे दलालों और दोषियों को कम से कम आजीवन कारावास की सजा दी जाए। वहीं कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के व्यापमं घोटाले का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि सरकार में बैठे लोग ही शिक्षा माफिया के साथ मिले हुए हैं।

मशाल जुलूस में शामिल ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने भी इस कथित घोटाले को लेकर गहरा आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक होने की वजह से ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ होता है, वहीं जो लोग पैसे देकर पेपर खरीदते हैं वे आगे बढ़ जाते हैं। यह लोकतांत्रिक और सामाजिक व्यवस्था के लिए घोर निंदनीय और चिंतनीय है।

इस प्रदर्शन में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष फलेशुराज ने आंकड़ों के माध्यम से केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों को घेरते हुए कहा कि बीते 7 सालों में भाजपा राज में अलग-अलग विभागों और परीक्षाओं के करीब 70 प्रश्न पत्र लीक हो चुके हैं, लेकिन सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि छात्रों को न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। मशाल जुलूस में पूर्व जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ, पंकज कनेरिया, हलीम गाजी, आविद खान, रणवीर कुशवाह आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार गृहम हाउसिंग फाइनेंस लि. गुना द्वारा, दीपक ओझा के हित में ऋण प्रदाय किया जा रहा है, यह कि भूमि प.ह.न. 16, सर्वे क्र. 154/1/4/2, भूखण्ड क्र. 07 क्षेत्रफल 675 वर्गफिट जो कि ग्राम शंकरपुर पछार अशोकनगर जिला अशोकनगर में स्थित हैं। यह कि उक्त संपत्ति पूर्व में प्रताप सिंह और किषनलाल पुत्रगण कालूराम कोरी के पास रकवा 1.5680 हैक्ट. शामिलाती भूमि स्थित थी, इसके बाद किशनलाल पुत्र कालूराम की मृत्यू हो जाने के बाद उक्त शामिलाती भूमि का बटबारा क्र. 07/अ-27/2014-15 दिनांक 28/07/2015 से प्रताप सिंह और किशनलाल के फोत होने से किशनलाल के वारिसान के मध्य में बटवारा किया गया हैं जिसमें किशनलाल के वारिसान काशीवाई पत्नि किशनलाल, मनोज पुत्र किशनलाल, बबीता, ज्योति वा. जानकी, संजना ना.वा. पुत्रिया किशनलाल को शामिलाती रूप में रकवा 0.5310 हैक्ट. प्राप्त हुआ था, उक्त शामिलाती रकवा 0.5310 हैक्ट में से विक्रेता क्र. 1. श्रीमति काशीवाई पत्नि श्री किशनलाल, एवं 2. श्रीमति ज्योति बाई कोरी पुत्री किशनलाल कोरी, पत्नि श्री संजीव कुमार कोरी के द्वारा स्वंय के हिस्से के रकवा में सें 0.132 हैक्ट. को क्रेता श्रीमति कृष्णा प्रजापति पत्नि श्री अरविन्द प्रजापति को दस्तावेज क्र. एमपी471192023।12205755 दिनांक 31/07/2023 के माध्यम से विक्रय कर दिया है जबकि अन्य शामिलाती पक्षकार मनोज, बबीता, जानकी, संजना के माध्यम से उपर्युक्त विक्रय पत्र नही कराया गया हैं। यह कि उक्त भूखण्ड को दीपक ओझा गृहम हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा गुना में बंधक रख कर लोन प्राप्त कर रहा है।

यदि किसी भी व्यक्ति, या शामिलाती पक्षकार मनोज, बबीता, जानकी, संजना या किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155


